पत्रांक–2/पेन–38/2021–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : डा० कर्मचन्द, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक, भागलपुर के पेंशन/उपदान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि डा० कर्मचन्द, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक, भागलपुर के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित रहने के कारण विभागीय पत्रांक–969(2), दिनांक–23.07.2024 द्वारा इन्हें 90% औपबंधिक पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। विभागीय अधिसूचना संख्या–980(9) दिनांक–20.08.2025 द्वारा डा० कर्मचन्द के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही को निष्पादित करते हुए अधिसूचना निर्गत की तिथि से 50% (पचास प्रतिशत) पेंशन की राशि स्थायी रूप से कटौती करने की शास्ति अधिरोपित करने एवं अनुपस्थिति अवधि यथा दिनाक–07.06.1997 से 09.07.2002 तक एवं दिनांक–18.07.2002 से 02.09.2012 तक का कार्य नहीं तो वेतन नहीं एवं उक्त अवधि को किसी भी प्रयोजन के लिए गणना नहीं करने की शास्ति अधिरोपित एवं संसूचित किया गया है (छायाप्रति संलग्न)।

2. अतः उपर्युक्त विभागीय आदेश के आलोक में डा० कर्मचन्द को सेवानिवृत्ति की तिथि 31.01.2021 के उपरान्त दिनांक–01.02.2021 से पूर्ण पेंशन की भुगतान की स्वीकृति के साथ–साथ पूर्ण उपदान की स्वीकृति दी जाती है।

3. साथ ही विभागीय अधिसूचना संख्या–980(9) दिनांक–20.08.2025 के आलोक में अधिसूचना निर्गत की तिथि से 100% पेंशन में से 50% (पचास प्रतिशत) पेंशन की राशि स्थायी रूप से कटौती करने की स्वीकृति दी जाती है।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नक–यथोक्त।

ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/पेन–38/2021– 9573 (2) पटना, दिनांक 28/10/2026

प्रतिलिपि : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, भागलपुर/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक, भागलपुर/कोषागार पदाधिकारी, लखीसराय/डा० कर्मचन्द सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक, भागलपुर पत्राचार का पता–ग्राम–इन्दुपुर, पो०–बड़हिया, थाना–बरहिया, जिला–लखीसराय, पिन कोड–811302/मो०–7004321191/ प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09A, 09B एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/X/26
सरकार के उप सचिव।

D>Sec-2>2026>PEN 2026